RAF SECTOR
NEWS CLIP
30/04/2024

CENTRAL RESERVE POLICE

CENTRAL RESERVE POLICE FORCE
RAPID ACTION FORCE

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Allahabad Exp, Prayagraj, (UP)

आरएएफ कमांडेण्ट द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

इलाहाबाद एक्सप्रेस

प्रयागराज। 101 आर.ए.एफ. के तत्वावधान में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मतदाता जागरूकता रैली मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेंट-101 के नेतृत्व में 101 आर.ए.एफ कैम्प परिसर से फाफामऊ एंव आस-पास के क्षेत्र में निकाली गई। जैसा कि विदित है कि लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हेतु चुनाव आयोग द्वारा कई अभियान जारी किए जा रहे है। इसी कम में 101 आर.ए.एफ के द्वारा आम नागरिकों के बीच मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, आपका वोट आपकी ताकत है, जो देश को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाता है। अतः मतदान अवश्य करें तथा उपस्थित जनसमूह से अपील की, कि स्वयं मतदान करें और अपने परिवार एव आस पड़ोस के नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

उक्त अवसर पर प्रेमजीत कुमार (द्वि. कमा.अधि.), बृजेश कुमार दुबे (उप कमाण्डेन्ट), टी एन सिंह (उप कमाण्डेन्ट) तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान उपस्थित रहे।

Amar Ujala, Prayagraj, (UP)

आरएएफ कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

फाफामऊ। सोमवार को आरएएफ कर्मियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। रैली शांतिपुरम के आरएएफ कैंप से शुरू होकर आस पास के क्षेत्रों से होते हुए कैंप में समाप्त हुई। कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने कहा कि मतदान हर व्यक्ति का अधिकार होता है। मतदान सबसे बड़ा पर्व है। रैली में द्वितीय कमान अधिकारी प्रेमजीत सिंह, उप कमांडेंट बृजेश कुमार दूबे रहे। संवाद

Jansandesh, Prayagraj, (UP)

मददाता जागरूकता रैली निकाली

मतदाता जागरूकता रैली में शामिल अधिकारीगण व जवान

फाफामऊ। 101आरएएफ कैंप के तत्वावधान में सोमवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मतदाता जागरूकता रैली वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम के नेतृत्व में कैंप परिसर से फाफामऊ एंव आस-पास के क्षेत्र में निकाली गई। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हेतु चुनाव आयोग द्वारा कई अभियान जारी किए जा रहे है। इसी क्रम में 101 आरएएफ के द्वारा आम नागरिकों के बीच मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, आपका वोट आपकी ताकत है, जो देश को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाता है। अतः मतदान अवश्य करें तथा उपस्थित जनसमूह से अपील की, कि स्वयं मतदान करें और अपने परिवार एव आस पड़ोस के नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उक्त अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी प्रेमजीत कुमार उप कमांडेंट बृजेश कुमार दुबे, टीएन सिंह, तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान उपस्थित रहे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।